Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 10th February, 2023

Career Guidance Notice – Opportunities in Financial Management Sector

कॅरियर गाइडेंस..

फाइनेंस मैनेजमेंट सेक्टर में बढ़ रहे मौके, नॉन बैंकिंग में भी संभावनाएं

तेजी से बढ़ती देश की अर्थव्यवस्था के साथ प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर में भी फाइनेंस मैनेजमेंट सेक्टर छलांगें लगा रहा है। तेजी से बढ़ती हुई आईटी, फॉर्मेसी, इंश्योरेंस, बैंकिंग, हेल्थ कंपनियों और बढ़ते हुए ट्रेवल, टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी और एजुकेशन जैसे सेक्टरों ने इंदौर की समृद्धि को ऊंचाई दी है।

ऐसे में इंदौर में फाइनेंस मैनेजमेंट सेक्टर में फाइनेंशियल प्लानर और फाइनेंशियल एडवाइजर जैसे कॅरियर के मौके तेजी से बढ़ रहे हैं। एक फाइनेंशियल प्लानर कस्टमर को शेयर, म्यूचुअल फंड, मल्टी करंसी ट्रेडिंग, इंटरनेशनल फाइनेंसिंग, इंश्योरेंस, सेविंग, बैंक लोन, रिटायरमेंट प्लान की सलाह देने और वित्तीय प्रबंधन का काम करता है। युवा बड़ी संख्या में फाइनेंशियल मैनेजमेंट से जुड़ी डिग्री पूरी कर अच्छी कमाई और प्रतिष्ठा हासिल कर रहे हैं।

फाइनेंशियल प्लानर के लिए विविध मौके

फाइनेंशियल प्लानर के लिए विभिन्न प्रकार के कॅरियर के मौके हैं। फाइनेंस से संबंधित प्रेजेंटेशन बनाने से लेकर बैंक से टर्म लोन व वर्किंग लोन जारी कराने में फाइनेंशियल प्लानर सहायक बन सकते हैं। फाइनेंशियल प्लानिंग मैनेजर, रिलेशनशिप मैनेजर और एसोसिएट ऑडिटर जैसे महत्वपूर्ण पद होते हैं। बैंकिंग के क्षेत्र में इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी मैनेजर, इन्वेस्टमेंट रिलेशनशिप मैनेजर, रिटेल रिलेशनशिप ऑफिसर, म्यूचुअल फंड मैनेजर जैसे पद पर नियुक्त हुआ जा सकता है। नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग के तहत फाइनेंशियल प्लानर, डेटा एनालिस्ट, मार्केट रिसर्च ऑफिसर, बिजनेस एनालिस्ट, फाइनेंशियल एनालिस्ट और रिसर्च एसोसिएट जैसे पदों पर सेवा दी जा सकती है। इंश्योरेंस इंडस्ट्री में ब्रांच मैनेजर, सेल्स मैनेजर, ऑपरेशन मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, एजेंसी मैनेजर के रूप में फाइनेंशियल प्लानर के लिए कई अवसर हैं। नॉन बैंकिंग फाइनेंस में भी बहुत अच्छे मौके हैं। फाइनेंशियल प्लानर के लिए वेल्थ मैनेजमेंट, टैक्स कंसल्टेंसी, पेंशन फंड जैसे प्रोफेशनल कामों में एग्जीक्यूटिव के रूप में अच्छे मौके हैं।

कॅरियर स्किल्स

एक अच्छे फाइनेंशियल प्लानर के कॅरियर के लिए जरूरी है कि फाइनेंस मैनेजमेंट सेक्टर की शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ कम्प्यूटर नॉलेज टीम वर्क, प्रॉब्लम्स सॉल्विंग स्किल्स, टैक्स बिजनेस में रुचि, प्रभावशाली संवाद क्षमता, वादा पूरा करने का सामर्थ्य, टैक्स बिजनेस की गहरी दक्षता आदि। अच्छा फाइनेंशियल प्लानर बनने के लिए जरूरी है कि इकॉनामी और फाइनेंशियल मार्केट की नवीनतम जानकारी से अपडेट हो।

शैक्षणिक जरूरतें

इस फील्ड में कॅरियर के लिए फाइनेंस और मैनेजमेंट से संबंधित कोई डिग्री या डिप्लोमा जरूरी है। फाइनेंशियल प्लानिंग से जुड़े ज्यादातर कोर्स स्नातक के उपरांत किए जा सकते हैं। सर्टिफाइड फाइनेंशियल प्लानर बनने के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड बोर्ड की ओर से सर्टिफिकेशन प्रोग्राम कराया जाता है। इस प्रोग्राम की वैश्विक मान्यता है। इसे भारत में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्केट से भी मान्यता प्राप्त है।

Regards,

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)